इंदौर | बुधवार | 30 जुलाई 2025 | वर्ष 65 | अंक 176 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social


# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




6 ब्रेडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा गिल ने खुश किया दिल



5 मौतों से नहीं छुप सकती सरकार : प्रियंका



8 सैंटनर करेंगे टेस्ट में कप्तानी



7 चमड़ा और जूता निर्यात हो सकता है दोगुना : गोयल

# ट्रम्प ने जंग नहीं रुकवाई : मोदी

## पाक फिर से दुस्साहस करता है तो उसे पहले से भी करारा जवाब मिलेगा



**नयी दिल्ली, 29 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिन्दूर' के दौरान ट्रम्प या किसी भी देश के नेता ने भारत को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए नहीं कहा. उन्होंने स्पष्ट किया कि इस ऑपरेशन में भारत ने आतंकियों और पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी.**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने जब भारत को फोन कर पाकिस्तान के हमले की आशंका जताई, तो उन्होंने जवाब दिया, अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा. भारत बड़ा हमला करके जवाब देगा. उन्होंने कहा कि भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान की सैन्य शक्ति हिल गई और उसके सैन्य अधिकारियों ने गुहार लगाई बस करो, बहुत मारा, अब और नहीं.

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई भारत के आत्मविश्वास और सैन्य क्षमता का प्रतीक थी. हमने पहले ही कहा था कि गोली का जवाब गोले से देंगे. अब भारत किसी भी आतंकी हमले पर अपने तरीके से, अपनी शक्ति से जवाब देगा. परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी. प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर आज भी जारी है और अगर पाकिस्तान फिर से दुस्साहस करता है, तो उसे पहले से भी करारा जवाब मिलेगा. उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर तेज़ गति से बढ़ रहा है.

### पाक में 100 किमी घुसकर मारे आतंकी : गृहमंत्री शाह



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकवादी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकवादी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये. शाह ने लोक सभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान कल पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बैठे इनके आकाओं को ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान ही नेस्तनाबूद कर दिया गया था. उन्होंने कहा कि पहली बार भारत ने 100 किलोमीटर पाकिस्तान के अंदर स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया.

## देश ने एक स्वर में पाक की भूमिका की निंदा की : राहुल

**नयी दिल्ली, 29 जुलाई.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब भारत ने पाकिस्तान को पहले हमले की सूचना दी तो इससे साफ हो गया था कि भारत में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है.

गांधी ने लोकसभा में मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि जब देश पर पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ तो पूरे देश ने एक स्वर में पाकिस्तान की भूमिका की निंदा की. इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुट होकर आपरेशन सिंदूर में सरकार का साथ दिया. उन्होंने कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण होती है और भारत के 1971 में इस राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया था और जनरल मानिक शॉ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से कहा कि



गरमी में ऑपरेशन नहीं किया जा सकता और उन्होंने छह माह का समय मांगा तो तत्काल यह कहते हुए उन्हें इजाजत दी गई कि बंगलादेश को आजादी मिलनी चाहिए. इस आजादी का फायदा यह हुआ कि पाकिस्तान के सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया और बंगलादेश का निर्माण हुआ. गांधी ने कहा कि जिस तरह के खुलासे अब सेना के अधिकारी कर रहे हैं वे सब चौंकाने वाले हैं.



## बस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत

**कांवरियों से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर**

**झारखंड के देवघर में हुआ हादसा, 23 लोग गंभीर घायल**

**रांची/देवघरी, 29 जुलाई. झारखंड में देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया गांव के पास कांवरियों से भरी एक बस और गैस सिलेंडर से लदे ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में छह श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**

यह बस बिहार के सुल्तानगंज से बाबाधाम (बाबा बैद्यनाथ धाम) जा रही थी, जहां कांवरियों को जल चढ़ाना था. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एनडीआरएफ और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और श्रद्धालु बस के अंदर फंसे रह गए. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए उन्हें देवघर सदर अस्पताल भेजा गया. चार श्रद्धालुओं की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए एआईआईएमएस देवघर रेफर किया गया है. मृतकों में बस चालक भी शामिल है.

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि देवघर में कांवरियों की बस दुर्घटना की खबर से अत्यंत दु:खी हूँ. इस हृदयविदारक हादसे में जिन श्रद्धालुओं की जान गई है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं. घायलों के समुचित इलाज और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं. सरकार पीड़ित परिवारों के साथ हर कदम पर

**आर्थिक सहायता की घोषणा**

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि यह दुर्घटना न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि पूरे राज्य के लिए शोक की घड़ी है. सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही है. डॉ. अंसारी ने मृतकों के परिजनों को 1 लाख और घायलों को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की.

### एक नजर में



**पहलगाम हमले के आतंकियों की हुई पहचान**

**श्रीनगर.** 11 दिनों के सर्च ऑपरेशन के बाद सोमवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे, 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा कमांडो की एक टीम ने तीन हाई वैल्यू पाक आतंकवादियों को घेर लिया और मार गिराया गया. जम्मू-कश्मीर में सेना द्वारा सोमवार को चलाए गए ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीनों आतंकियों की पहचान हो चुकी है. सबसे बड़ा नाम हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान शाह का है, जिसे पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है. सूत्रों के अनुसार मूसा पाकिस्तान की सेना के स्पेशल सर्विस ग्रुप का पूर्व पैरा-कमांडो था. अन्य दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है. सूत्रों के अनुसार हमजा का असली नाम हुबैब ताहिर है और वह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के खैगाला क्षेत्र का निवासी था.

**चार देशों के राजनयिकों ने परिचय पत्र किए प्रस्तुत**

**नयी दिल्ली.** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये. राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त

### गुस्ताखी माफ




## आईएएस अनिल के घर ईडी का छापा

- 60 एकड़ भूमि पर अवैध निर्माण से जुड़ा मामला
- मुंबई, पुणे और नासिक में 12 ठिकानों की कार्रवाई

**मुंबई, 29 जुलाई. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक जमीन घोटाले के मामले में महाराष्ट्र के वसई-विरार नगर निगम (वीवीएमसी) के पूर्व आयुक्त आईएएस अनिल कुमार खंडेराव पवार के कई आवासों और कार्यालयों पर मंगलवार को एक साथ छापेमारी की कार्रवाई की.**

यह मामला नगर निगम के लिए आरक्षित 60 एकड़ भूमि पर अवैध निर्माण से जुड़े धन शोधन का है. ईडी ने साल 2014 बैच के आईएएस अधिकारी पवार से जुड़े मुंबई, पुणे और नासिक में 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. विदित हो कि राज्य के आदेशों के बाद सोमवार को ही उन्होंने आयुक्त का पद छोड़ दिया था. राज्य सरकार ने आईएएस एम.एम. सूर्यवंशी को यह पदभार सौंपा है. प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वीवीएमसी के अधिकारी, आर्किटेक्ट, चार्टर्ड अकाउंटेंट और कुछ अन्य एजेंट भवन के अवैध अनुमोदन और बेहिसाब पैसे के लेनदेन वाले एक कथित भ्रष्टाचार नेटवर्क से जुड़े थे. ईडी का कहना है कि इस सांठगांठ ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और डंपिंग ग्राउंड के लिए निर्धारित भूमि पर 41 अवैध निर्माण कर दिए. ईडी जब्त संपत्तियों और दूसरी सामग्रियों की फोरेंसिक जाँच कर रही है ताकि धन के स्रोत और मामले में शामिल सभी लोगों की पहचान की जा सके.

## राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से : सुको

**नयी दिल्ली, 29 जुलाई उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जायेगी.**

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा.



न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी. शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई.

न्यायालय ने केंद्र और संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों की ओर से अधिवक्ता अमन मेहता और मीशा रोहतगी को नोडल अधिवक्ता नियुक्त किया. कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ के समक्ष कहा कि प्रत्येक पक्ष को बहस के लिए चार दिन का समय दिया जाना चाहिए.

उच्चतम न्यायालय ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति द्वारा कार्रवाई करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने से संबंधित राष्ट्रपति संदर्भ पर केंद्र और सभी राज्य सरकारों को 22 जुलाई को नोटिस जारी किया था.

**विरोध करने वाले पक्षों की सुनवाई अगस्त में**

पीठ ने कहा, शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे. उसके बाद, हम 19, 20, 21, 26 अगस्त को संदर्भ का समर्थन करने वाले अटॉर्नी जनरल और केंद्र सरकार की सुनवाई शुरू करेंगे. संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों की सुनवाई 28 अगस्त, और दो, तीन तथा नौ सितंबर को होगी. यदि कोई प्रत्युत्तर होगा, तो उस पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी.

## ओबीसी को देंगे 27% आरक्षण

### सीएम डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में किया आश्वस्त

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 जुलाई. प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण का मुद्दा लगातार छाया है. कांग्रेस द्वारा इस मामले में सरकार पर गिरगिट की तरह रंग बदलने के आरोप लगाने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कांग्रेस की धार को कुंद करने की कोशिश की.**

विधानसभा परिसर में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि हम डंके की चोट पर ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द कोशिश करेगी कि जिन्हें 13



फीसदी आरक्षण मिला है, उन उम्मीदवारों को भी हक के आधार पर नौकरी मिले और योग्यता के आधार पर उनका चयन हो. मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस केवल अलग- अलग समाज के लोगों को भड़काने का काम करती है. जबकि सारी चीजों में उनका ही इन्वॉल्मेंट हैं.

## ग्वालियर-चंबल में मानसून का 1935 का टूटा रिकॉर्ड

**भोपाल/ग्वालियर/चंबल, 29 जुलाई. मध्य प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है. राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के 41 जिलों में भारी से अति भारी बारिश के आसार हैं. मौसम विभाग ने 29 से 31 जुलाई तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मध्यप्रदेश समेत देश के अन्य राज्यों में भी भारी बारिश का अलर्ट है.**

राजधानी सहित कई जिलों में रातभर बारिश होती रही, जिसके चलते जलभराव और ट्रैफिक की स्थिति बनी रही. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया. ग्वालियर में



बंगाल की खाड़ी से आया कम दबाव का क्षेत्र राजस्थान की ओर खिसक चुका है, जिससे वहां बारिश में कुछ कमी आई, लेकिन धूप निकलने से भीषण उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया.

ग्वालियर-चंबल अंचल में इस बार मानसून मेहरबान रहा. बंगाल की खाड़ी से बने तीन दबाव क्षेत्रों ने जमकर बारिश करवाई. जुलाई में अब तक 721 मिमी वर्षा हो चुकी है, जिससे 1935 का रिकॉर्ड टूट गया. जून-जुलाई मिलाकर कुल वर्षा 972 मिमी हो चुकी है. यदि अगस्त-सितंबर में भी बारिश बनी रही तो इस साल औसत वर्षा का नया कीर्तिमान बनेगा. बारिश थमने के बाद बुधवार को अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है.

**विधानसभा मानसून सत्र** | सत्ता पक्ष की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिलने पर विपक्ष ने किया वाकआउट

## विपक्ष पर झूठे मामलों को लेकर सदन में हंगामा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 जुलाई. विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन शून्यकाल के दौरान विपक्ष के विधायकों और उनके परिजनों के खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित करने के मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ.**

विपक्ष ने सदन में सरकार की ओर से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की, लेकिन जब सत्ता पक्ष की ओर से उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला तो उन्हें पहले तो आसंदी के सामने नारेबाजी की और फिर बाद में सदन से वाकआउट कर दिया.



ये मामला शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के अभय मिश्रा और सेना महेश पटेल ने उठाया. विधानसभा अध्यक्ष उन्हें शून्यकाल में ये मामला रखने की विशेष अनुमति दी थी. पहले अभय मिश्रा ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा भय और आतंक का माहौल बना दिया गया है. पहले भी चुरहट थाने के तहत झूठे प्रकरण बनाये गये और बाद में हटा लिया गया. एक महिला सीएसपी को दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया, जैसे- तैसे उन्होंने अपनी जान बचाई. अब एक बार फिर हमारे ऊपर फर्जी मुकदमा लगा दिया गया है. उन्होंने आसंदी से इस मामले में संरक्षण देने की मांग की, वहीं कांग्रेस की ही श्रीमती सेना महेश पटेल ने कहा कि एक छोटे से मामले में मेरे बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई और हत्या जैसे मामले की धारा लगा दी गई. ये किसी के दबाव में लगाई गई. मेरे बेटे की गाड़ी केवल खंबे से टच हो गई तो उस पर हत्या तक की धारा लगा दी गई. इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास है, ये जनप्रतिनिधि के लिये शर्म की बात है. इसकी इंक्वायरी होना चाहिए. पिछले दिनों आरिफ मसूद का स्कूल तोड़ने चले गये थे.

## प्रलय मिसाइल के दो लगातार हुए सफल उड़ान परीक्षण

**नयी दिल्ली 29 जुलाई रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किये हैं.**

रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किये गये. ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे. मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर



निशाना साधा. सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया. प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध बैलिस्टिक मिसाइल है जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है.